BCM SCHOOL, CHANDIGARH ROAD, LUDHIANA
A Senior Secondary school of BCM Foundation
Affiliated to CBSE, New Delhi
Sec-32A, Chandigarh road, Ludhiana

www.bcmschools.org *Rotate in values, Ready for the future* 19 March 2026

# Campus Connect

## QUIET MOMENTS

Life is lived in the moments that are quiet
Not led with heavy burden but floats so light.
The world is chaotic and full of uproar
clipping our wings barring us to soar.
The noise doesn't dim, the lights glare flash
There isn't any scenic beauty, all I see is a trash.
People's brawls, street fights and traffic is all I see
It all gets so gloomy, do you see a bit of glee?
Hunt for the treasures like peace is stopped
Though blessed with the plenty, still seem we're robbed.
I crave for the place and the times that is quiet
where there's no mess but a heart full of delight.
But where do I go, when find time to rest
All I see around me is an entangling nest.
Then a voice sounded to make me pacified
taught me a lesson to be forever satisfied.
I grabbed the teaching and kept it in my heart
peace lives in me now, we never get apart.



Ms. Shilpa Masih
PGT - English

Campus Connect

# पुस्तक हमारी सच्ची मित्र क्यों

आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में अच्छे मित्रों के साथ-साथ पुस्तकें भी सच्चे मित्र के समान होती हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के हमें ज्ञान, प्रेरणा और सही दिशा प्रदान करती हैं। विशेष रूप से बच्चों के जीवन में पुस्तकों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

सबसे पहले, पुस्तकें बच्चों को ज्ञान का खजाना प्रदान करती हैं। जब अलग-अलग विषयों की पुस्तकें पढ़ते हैं तो उन्हें नई-नई बातें सीखने को मिलती हैं। इतिहास, विज्ञान, प्रकृति, कहानियाँ और महान व्यक्तियों के जीवन से जुड़ी पुस्तकें बच्चों की समझ और सोच को विस्तृत बनाती हैं। इस प्रकार पुस्तकें बच्चों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

दूसरे, पुस्तकें बच्चों के चरित्र निर्माण में भी सहायक होती हैं। कहानियों में दिखाए गए अच्छे आदर्श, साहस, ईमानदारी, परिश्रम और दया जैसे गुण बच्चों को प्रेरित करते हैं। जब बच्चे महान व्यक्तियों के संघर्ष और सफलता की कहानियाँ पढ़ते हैं तो उनमें भी कुछ अच्छा करने की भावना जागृत होती है। इसलिए कहा जाता है कि अच्छी पुस्तकें हमें अच्छा इंसान बनना सिखाती हैं।

तीसरे, पुस्तकें बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को बढ़ाती हैं। कहानी पढ़ते समय बच्चा अपने मन में चित्र बनाने लगता है और घटनाओं की कल्पना करता है। इससे उसकी सोचने-समझने की क्षमता विकसित होती है। यही कल्पनाशक्ति आगे चलकर उसे नए विचार और नई खोज करने के लिए प्रेरित करती है।

इसके अतिरिक्त, पुस्तकें बच्चों को अकेलेपन में भी अच्छा साथी प्रदान करती हैं। जब कोई बच्चा पुस्तक पढ़ता है तो उसे ऐसा लगता है जैसे वह किसी नए संसार में प्रवेश कर गया हो। पुस्तकें कभी शिकायत नहीं करतीं, कभी बुरा नहीं मानतीं और हमेशा हमें कुछ नया सिखाने के लिए तैयार रहती हैं।

आज के समय में मोबाइल और टीवी के कारण बच्चों की पढ़ने की आदत कम होती जा रही है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि पुस्तकों से मिलने वाला ज्ञान और आनंद किसी भी अन्य साधन से अधिक स्थायी और लाभदायक होता है। यदि बचपन से ही बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित कर दी जाए तो उनका भविष्य उज्ज्वल बन सकता है।

इसलिए कहा जा सकता है कि पुस्तकें वास्तव में हमारी सच्ची मित्र हैं, क्योंकि वे हमें ज्ञान देती हैं, सही रास्ता दिखाती हैं और जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा देती हैं। इसलिए प्रत्येक बच्चे को पुस्तकों से मित्रता अवश्य करनी चाहिए। जैसा कि कहा गया है—
"पुस्तकें ज्ञान का सागर हैं, जो जीवन को प्रकाश से भर देती हैं।"



**सीमा सिंह**
**टी. जी. टी. हिंदी**

